Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय – 03 | नात्सीवाद और हिटलर

## QUIZ-04

1. **हिटलर का मानना था कि एक शक्तिशाली नात्सी समाज की स्थापना के लिए सबसे आवश्यक क्या है?**
   A. युवाओं को खेलों में लगाना
   B. बच्चों को नात्सी विचारधारा की शिक्षा देना
   C. मजदूरों को प्रशिक्षण देना
   D. महिलाओं को रोजगार देना (B)

*व्याख्या :* हिटलर बच्चों को नात्सी विचारधारा की घुट्टी पिलाना चाहता था ताकि भविष्य में नात्सी समाज मजबूत बने।

2. **'युंगफोक' किस आयु वर्ग के बच्चों का संगठन था?**
   A. 6–8 वर्ष B. 10–14 वर्ष
   C. 14–18 वर्ष
   D. 18 वर्ष से ऊपर (B)

*व्याख्या :* 10 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को युंगफोक संगठन में शामिल किया जाता था।

3. **14 वर्ष की उम्र में सभी लड़कों को किस संगठन की सदस्यता लेनी पड़ती थी?**
   A. लेबर सर्विस B. हिटलर यूथ
   C. कम्युनिस्ट यूथ
   D. जर्मन कल्चरल यूनियन (B)

*व्याख्या :* 14 वर्ष की उम्र में लड़कों को हिटलर यूथ का सदस्य बनना अनिवार्य था।

4. **नात्सी शिक्षा प्रणाली में 'नस्ल विज्ञान' का उद्देश्य क्या था?**
   A. बच्चों को वैज्ञानिक शिक्षा देना
   B. बच्चों को यहूदियों से नफ़रत और हिटलर की पूजा सिखाना
   C. बच्चों को सैन्य तकनीक सिखाना
   D. बच्चों को कृषि कार्य सिखाना (B)

*व्याख्या :* नस्ल विज्ञान के माध्यम से बच्चों को यहूदियों से नफ़रत और हिटलर की पूजा सिखाई जाती थी।

5. **नात्सी शासन में 'अवांछित बच्चों' का क्या हुआ?**
   A. उन्हें विशेष शिक्षा दी गई B. उन्हें सेना में भेजा गया
   C. उन्हें स्कूलों से निकालकर गैस चेंबरों में भेजा गया
   D. उन्हें मजदूरी में लगाया गया (C)

*व्याख्या :* यहूदी, जिप्सी और विकलांग बच्चों को स्कूलों से निकालकर बाद में गैस चेंबरों में मार दिया गया।

6. **नात्सी शासन के अनुसार लड़कियों की मुख्य भूमिका क्या थी?**
   A. राजनीति में भाग लेना B. अच्छी माँ बनकर शुद्ध आर्यन रक्त वाले बच्चों को जन्म देना
   C. सेना में भर्ती होना
   D. कारखानों में काम करना (B)

*व्याख्या :* नात्सी विचारधारा में लड़कियों का कर्तव्य माँ बनकर शुद्ध आर्यन रक्त वाले बच्चों को जन्म देना माना गया।

7. **कितने बच्चों को जन्म देने वाली माताओं को स्वर्ण पदक (Gold Cross) दिया जाता था?**
   A. 4 B. 6
   C. 8 या उससे अधिक D. 10 (C)

*व्याख्या :* 8 या उससे अधिक बच्चे पैदा करने वाली माताओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता था।

8. **प्रचार के लिए नात्सियों ने कौन-सी प्रसिद्ध फ़िल्म बनवाई थी?**
   A. फाइनल सॉल्यूशन
   B. द एनिमल ज्यू (The Eternal Jew)
   C. द ईवल ज्यूज़
   D. द वर्ल्ड ऑफ हिटलर (B)

*व्याख्या :* 'द एनिमल ज्यू' नात्सियों की कुख्यात प्रचार फ़िल्म थी, जिसमें यहूदियों को कीट-पतंगों जैसा दिखाया गया।

9. **नात्सी शासन में बच्चों को हिटलर के प्रति वफादारी जताने के लिए क्या करना पड़ता था?**
   A. विशेष परीक्षा पास करना B. सैनिक वर्दी पहनना
   C. निष्ठा की शपथ लेना
   D. यहूदियों का बहिष्कार करना (C)

*व्याख्या :* बच्चों को हिटलर के प्रति वफादारी जताने के लिए निष्ठा की शपथ लेनी पड़ती थी।

10. **नात्सी शासन में यहूदियों और शत्रुओं को प्रचार पोस्टरों में किससे तुलना की जाती थी?**
    A. बहादुर सैनिकों से
    B. कीड़े-मकोड़े और गंदे जीवों से
    C. किसानों से D. कलाकारों से (B)

*व्याख्या :* यहूदियों और शत्रुओं को नीचा दिखाने के लिए नात्सी पोस्टरों और फ़िल्मों में उन्हें कीड़े-मकोड़े जैसा चित्रित किया जाता था।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसा चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App